प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने देवघर में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर झारखंड को बचाना है तो भाजपा को जिताना होगा। श्री चौहान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड राज्य के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है और जनता उनका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि श्री सोरेन झारखंड राज्य के बेहतर निर्माण के लिए ही भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं।

****

जमशेदपुर शहर में महिलाओं, युवतियों और स्कूली छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस द्वारा शक्ति मोबाइल की शुरुआत की गई है। पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा, उपमहानिरीक्षक मनोज रतन चौथे, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और शहरी तथा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर छह शक्ति मोबाइल को रवाना किया। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि शक्ति मोबाइल के जरिए फिलहाल 6 क्षेत्रों में स्कूटी पर सवार महिला आरक्षी स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी करेंगी।

****

रामगढ़ जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने गोला प्रखंड में 74 लाख रुपए की अवैध निकासी और 44 लाभुकों को चेक वितरण नही करने के मामले में तत्कालीन नाजीर सह उर्दु अनुवादक मोहम्मद गुलाम रसूल की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश दिया है। वही उपायुक्त ने गोला के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

****

राजधानी रांची के सोनाहातू प्रखंड में डायरिया से पीड़ित लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित गांवों में लोगों की स्वास्थ्य जांच की और जरूरतमंदो के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण किया। उधर पाकुड़ जिले के लिट्टिपाड़ा प्रखंड में डायरिया फैलने की सूचना पर संथाल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय स्वास्थ उप निदेशक डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने इलाके का दौरा कर लोगों को डायरिया से बचाव की जानकारी दी।

****

हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड स्थित बलसगरा पंचायत में लाह शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की एटीएम मशीन से बीती रात अपराधियों ने 25 लाख रूपए की चोरी कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने आज एटीएम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

****

लातेहार जिले की पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र स्थित पसंगन गांव से हथियार के साथ एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक वेंकटेश प्रसाद ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास से एक राइफल और दस गोलियां बरामद हुई हैं। इस नक्सली के ऊपर लातेहार जिले के विभिन्न थानों में पांच से अधिक हिंसक मामले दर्ज हैं।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के परसुडीह थाना क्षेत्र में सदर अस्पताल के बाहर एक नर्स की दुर्घटना में मौत के बाद मुआवजे और सुरक्षा की मांग को लेकर चिकित्सकों और कर्मचारियों ने कार्यों को ठप करते हुए आज सदर अस्पताल के बाहर धरना दिया।

****

मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है। इस दौरान राजधानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

******समाप्त*******